
# रिजल्ट मित्र स्पेशल

# Hand Written

# करंट अफेयर्स नोट्स

# 4



@resultmitra
www.resultmitra.com

# ग्रैमी अवॉर्ड 2025

67 वाँ ग्रैमी अवॉर्ड लॉस एंजेलिस के क्रिप्टो डॉट कॉम एरिना में हो रहा है। ये अवॉर्ड म्यूजिक इंडस्ट्री के लिए सबसे बड़ा है।

- हालांकि ये अवॉर्ड भारत के लिए भी बहुत खास रहा है क्योंकि भारतीय मूल की चंद्रिका टंडन ने अवॉर्ड अपने नाम किया है।

## ग्रैमी अवार्ड्स के बारे में

पूर्ण नाम- रिकॉर्डिंग अकादमी द्वारा प्रस्तुत ग्रैमी पुरस्कार (Grammy Awards Presented by the Recording Academy)

- यह संगीत उद्योग में सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक संगीत की विभिन्न शैलियों में उत्कृष्टता को सम्मानित करता है।
- आयोजक: रिकॉर्डिंग अकादमी एक अमेरिकी संगीत उद्योग व्यावसायिक संगठन।
- शुरुआत – 1958



# ग्रैमी अवॉर्ड 2025

## प्रमुख श्रेणियाँ (Categories) और अवॉर्ड्स

ग्रैमी अवॉर्ड्स में कुल 90+ कैटेगरीज होती हैं, जिनमें से चार मुख्य कैटेगरीज ये हैं:

एलबम ऑफ द ईयर (Album of the Year)

सॉन्ग ऑफ द ईयर (Song of the Year)

रिकॉर्ड ऑफ द ईयर (Record of the Year)

बेस्ट न्यू आर्टिस्ट (Best New Artist)

इसके अलावा पॉप, रैप, रॉक, जैज़, कंट्री, इलेक्ट्रॉनिक, क्लासिकल और वर्ल्ड म्यूजिक जैसी कई अन्य कैटेगरीज में भी अवॉर्ड दिए जाते हैं।



## भारत बना अंडर-19 टी-20 विश्वकप का विजेता

भारतीय महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम ने आईसीसी महिला अंडर-19 टी-20 विश्वकप 2025 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 9 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ भारत ने लगातार दूसरी बार यह खिताब जीता है।

- फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 82 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 11.2 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 84 रन बनाकर मैच जीत लिया।
- इस जीत के साथ भारतीय महिला क्रिकेट के भविष्य के लिए एक मजबूत नींव स्थापित हुई है।

## अंडर-19 क्रिकेट की विशेषताएं

* पहली बार 1988 में खेला गया था।
* भारत सबसे सफल टीम है।
* वनडे- 50 ओवर

Result Mitra



# वीरांगना - सुहासिनी गांगुली

सुहासिनी गांगुली (जन्म 3 फरवरी 1909)
(मृत्यु 23 मार्च 1965)

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की एक प्रमुख क्रांतिकारी थी।

जन्म बंगाल के खुलना जिले (वर्तमान बांग्लादेश)

पिता का नाम - अविनाश चन्द्र गांगुली

माता का नाम - सरला सुंदरी देवी

शिक्षा पूर्ण करने के बाद सुहासिनी ने कोलकाता में मूक बधिर बच्चों के एक स्कूल में शिक्षिका के रूप में कार्य किया।

- 1929 में वे क्रांतिकारी नेता रसिकलाल दास और हेमंत तरफदार के संपर्क में आई
- स्वतंत्रता के बाद सुहासिनी ने राजनीति से दूर रहकर अपना जीवन सामाजिक और आध्यात्मिक कार्यों के लिए समर्पित कर दिया। मार्च 1965 में एक सड़क दुर्घटना के बाद 23 मार्च 1965 को उनका निधन हो गया।
- उनके योगदान के सम्मान में कोलकाता की एक सड़क का नाम सुहासिनी गांगुली सरणी रखा गया है।



@resultmitra www.resultmitra.com

# वीरांगना सुहासिनी गांगुली

स्वतंत्रता संग्राम में योगदान

जुगंतर दल से जुड़ाव:

- जुगंतर दल एक क्रांतिकारी संगठन था, जो ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष में विश्वास रखता था।
- सुहासिनी ने इस दल में शामिल होकर क्रांतिकारी गतिविधियों का नेतृत्व किया।

ब्रिटिश सरकार के खिलाफ आंदोलन:

- उन्होंने बम निर्माण, गुप्त बैठकें, और विद्रोही योजनाओं में सक्रिय भूमिका निभाई।
- कई क्रांतिकारियों को ब्रिटिश अधिकारियों से बचाने में मदद की।

गिरफ्तारी और संघर्ष:

- स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान ब्रिटिश सरकार ने उन्हें गिरफ्तार किया और उन्हें कठोर दंड दिया गया।
- जेल में रहते हुए भी उन्होंने क्रांतिकारी साथियों का हौसला बढ़ाया।

3 वीरांगना की विरासत और योगदान

🔹 सुहासिनी गांगुली उन महिला क्रांतिकारियों में से एक थीं, जिन्होंने ब्रिटिश राज के खिलाफ विद्रोह करने के लिए साहस दिखाया।

🔹 वह अन्य क्रांतिकारी महिलाओं के लिए प्रेरणा बनीं, जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए संघर्ष किया।

🔹 भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को इतिहास में विशेष स्थान दिया गया है।

Result Mitra

# उस्ताद अल्ला रक्खा खाँ – परिचित व्यक्तित्व


उस्ताद अल्ला रक्खा खाँ भारतीय शास्त्रीय संगीत के प्रसिद्ध तबला वादक थे।

जन्म - 29 अप्रैल 1919 (1919) - जम्मू कश्मीर

- उन्होंने हिन्दी फिल्मों में संगीत निर्देशन भी किया।
- उनके पुत्र उस्ताद जाकिर हुसैन भी एक प्रख्यात तबला वादक हैं।
- उस्ताद अल्ला रक्खा को 1977 में पद्मश्री और 1982 में संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- 3 फरवरी 2000 को मुंबई में दिल का दौरा पड़ने से निधन

## उस्ताद अल्ला रक्खा खान के बारे में

* एक भारतीय तबला वादक
* 29 अप्रैल 1919 को जन्म
* असली नाम - अल्लाह रक्खा कुरैशी
* 1977 में पद्मश्री
* 1982 में संगीत नाटक अकादमी अवॉर्ड
* 3 फरवरी 2000 को निधन
* बेटे जाकिर हुसैन प्रख्यात तबला वादक



4/02/25 | P4

Result Mitra

# भारतीय शास्त्रीय संगीत के बारे में

* इसे क्लासिकल म्यूजिक भी कहा जाता है।
* भारतीय शास्त्रीय संगीत में राग और ताल दो अहम तत्व है।
* दो प्रमुख पद्धतियाँ - हिन्दुस्तानी और कर्नाटिक
* भारतीय शास्त्रीय संगीत की शुरुआत वैदिक काल से भी पहले मानी जाती है

Result Mitra



4/02/25/P5

# पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त नवीन चावला का निधन

पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) नवीन चावला का 8 फरवरी 2025 को दिल्ली में हृदयगति रुकने से निधन हो गया।

* एक अनुभवी सिविल सेवक के रूप में उन्होंने चुनाव आयुक्त और बाद में मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

## सेवा यात्रा

नियुक्ति - 16 मई 2005

मुख्य चुनाव आयुक्त - 20 अप्रैल 2009 - 29 जुलाई 2010

- 2009 के आम चुनावों का संचालन

- भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (Chief Election Commissioner) भारत निर्वाचन आयोग के प्रमुख होते है
- मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है
- कार्यकाल – 6 वर्ष या 65 वर्ष
- वेतन या सुविधाएँ - भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समकक्ष
- वर्तमान में राजीव कुमार भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त

